संख्या-294/2025/आई/975842/41-2002-001-23-2024-CN-1788005

प्रेषक,

सर्वेश कुमार सिंह,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन,
उ0प्र0, लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग-2 **लखनऊ, दिनांक 28 मई, 2025**

विषय:- जनपद महोबा में स्थित सालट किले पर पार्किंग एवं यात्री सुविधाओं के विकास कार्य की परियोजना को निरस्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0-554/6-1-1/(475)/2023-24 दिनांक 07.05.2025 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा जनपद महोबा में स्थित सालट किले पर पार्किंग एवं यात्री सुविधाओं के विकास कार्य स्थल की भूमि विवादित होने के कारण परियोजना को निरस्त किये जाने तथा शासनादेश संख्या-113/2024/आई/519424/001-41-2002-001-23-2024-CN-1788005 दिनांक 14.03.2024 एवं शासनादेश संख्या-186/2024/आई/679946/001-41-2002-001-23-2024-CN-1788005 दिनांक 01.07.2024 द्वारा अवमुक्त धनराशि क्रमशः रू0 1.00 लाख व रू0 200.00 लाख अर्थात कुल धनराशि रू0 201.00 (रू0 दो करोड़ एक लाख मात्र) को राजकोष में जमा किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त शासनादेश संख्या-113/2024/आई/519424/001-41-2002-001-23-2024-CN-1788005 दिनांक 14.03.2024 द्वारा जनपद महोबा में स्थित सालट किले पर पार्किंग एवं यात्री सुविधाओं के विकास कार्य की स्वीकृत परियोजना को निरस्त किये जाने का निर्णय लिया गया है। कृपया तदनुसार शासनादेश संख्या-113/2024/आई/519424/001-41-2002-001-23-2024-CN-1788005 दिनांक 14.03.2024 एवं शासनादेश संख्या-186/2024/आई/679946/001-41-2002-001-23-2024-CN-1788005 दिनांक 01.07.2024 द्वारा प्रथम एवं द्वितीय किश्त के रूप में अवमुक्त धनराशि क्रमशः रू0 1.00 लाख व रू0 200.00 लाख अर्थात कुल धनराशि रू0 201.00 (रू0 दो करोड़ एक लाख मात्र) को ब्याज सहित राजकोष में जमा कराते हुए उक्त की सूचना शासन को एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सर्वेश कुमार सिंह)
अनु सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- निजी सचिव, मा0 मंत्री, पर्यटन विभाग, उ0प्र0 शासन।
4- जिलाधिकारी, महोबा।
5- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन लखनऊ ।
6- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0 (यू0पी0पी0सी0एल0), लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
8- क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी (रा0यो0), पर्यटन निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
9- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
10- क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी, चित्रकूटधाम मण्डल, चित्रकूट।
11- गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(सर्वेश कुमार सिंह)
अनु सचिव।

अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in